कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.11.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षायें प्रारंभ

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ हो गयी। परीक्षा समन्वयक डॉ. के. एल. राठी ने बताया कि बी.कॉम. की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से प्रारंभ हुई जिसमें शतप्रतिशत उपस्थति रही।

इस वर्ष की आंतरिक परीक्षा हेतु सभी संकायों की कक्षाओं के लिए समय सारिणी घोषित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन के 10 प्रतिशत अंक जोड़े जाते है। परीक्षा के दौरान प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने निरीक्षण किया और पूर्ण उपस्थिति पर संतोष प्रकट किया।

बी.एससी. की आंतरिक परीक्षायें 02 दिसम्बर से तथा बी.ए. की परीक्षायें 09 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। इसी तरह स्नातकोत्तर कक्षाओं के सभी विषयों की परीक्षायें भी प्रारंभ हो चुकी है। शीघ्र ही सेमेस्टर कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की समय सारिणी घोषित की जायेगी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)